1009

अर्धवार्षिक मूल्यांकन 2011 दिसंबर

हिंदी

कक्षा : 10

समय : 90 मि. स्कोर : 40

പൊതുനിർദ്ദേശങ്ങൾ : 15 മിനുറ്റ് കൂൾഓഫ് സമയം ഉണ്ടായിരിക്കുന്നതാണ്.
എല്ലാ ചോദ്യങ്ങൾക്കും ഉത്തരം എഴുതുക.

1. **यह वार्तालाप पढ़ें, अंग्रेज़ी शब्द का हिंदी रूप लिखें।**

सुनिल	- Manager साहब आए क्या?
Clerk	- क्या काम है? बताइए।
सुनिल	- मुझे एक नया Account खोलना है।
Clerk	- यह Application form भरकर दीजिए। 2

2. कविता का अंश पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गली में आया एक बच्चा
आठ-दस साल का
ठंड में ठिठुरता हुआ
पीपनी बजाकर
गुब्बारे बेचता हुआ।
मुझे प्यार आता है उस बच्चे पर
रोज़-रोज़ आए
यह बच्चा मेरी गली में।

क **बच्चा गली में क्या कर रहा था?** 1

ख **कवि को बच्चे पर क्यों प्यार आ रहा था?** 1
(बच्चे की विवशता देखकर, बच्चे का सौंदर्य देखकर, बच्चे की आवाज़ सुनकर)

ग **कवितांश का भाव लिखें।** 2

3. **कोष्ठक से उचित क्रिया विशेषण चुनकर खंड का पुनर्लेखन करें।**
(धीरे-धीरे, तेज़ी से, देर से, ज़ोर से)
स्कूल की घंटी / बजी। बच्चे/ बस की तरफ़ भागने लगे। प्रवीणा छोटी थी, इसलिए / भाग रही थी। वह बस के पास / पहुँची। 2

4. **उपन्यास का यह अंश पढ़ें।**

"रोगियों को बचाने का काम न डॉक्टर का है, न दवाओं का, वह प्रभु का है।" पूरा घंटा बीत गया। पर किसी को पता नहीं चला। देवदास को लगा कि एक आँधी उभरी और थम गई।

क **यह किसका कथन है?** 1

(देवदास का, प्रो.डी.कुमार का, ट्यूटर का)

ख **एनॉटमी हाल के अनुभव के बारे में देवदास ने अपनी डायरी में लिखा। डायरी का वह पन्ना लिखें।** 4

5. उचित योजकों का प्रयोग करके खंड का पुनर्लेखन करें।

(ताकि, इसलिए, कि, और, क्योंकि)

मैं दो दिन से स्कूल नहीं जा सका .... मुझे बुखार थी। परसों परीक्षाएँ शुरू होंगी, ... कल ज़रूर जाना पड़ेगा। मेरे दोस्त ने कहा .... जो परीक्षा नहीं लिखेगा उनके नाम लिख लिए जाएँगे। मैं कल ही मेडिकल प्रमाणपत्र पेश करूँगा .... बाद में परेशानी न हो।

2

6. **'आदमी का बच्चा' नामक कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।**

- डौली को घर में अकेलापन महसूस होती है।
- माली के बच्चे की मृत्यु से डौली दुखी होती है।
- डौली को माली के बच्चों के साथ खेलने से मना करती है।
- मैनेजर साहब के बच्चों के साथ डौली को खेलने भेजती है।
- डौली पिल्लों के साथ खेलना पसंद करती है।
- पिल्लों को गरम पानी में डुबोकर मरवा देते हैं। 3

7. अंश पढकर विशेषण शब्द चुनकर लिखें । **2**

"घर के सामने एक छोटा बगीचा है। उसमें हरे पत्तों के बीच रंगबिरंगे फूल खिले थे। कहीं से एक नटखट बंदर आया। फूलों को तोड़ डाला।"

8. **साक्षात्कार का यह अंश पढ़े।**

"यह पुरस्कार सही मौके पर मिला है। हमें उम्मीद है कि इससे मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान से स्थानीय स्तर पर भी हमारे काम को सराहना मिलेगी। लेकिन अभी हमें बहुत कुछ करना है।"

मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ. वी.शांता जी को बधाई देते हुए पत्र लिखें। 4

9. **इस प्रसंग पर डौली और आया के बीच का वार्तालाप तैयार करें।** 4

"डौली पिल्लों को खोजती ही फिरी। आखिर मेहतर से उसे मालूम हो गया कि वे गरम पानी में डुबोकर मार डाले गए हैं।"

10. संशोधन करें । **2**

कल हम पिकनिक पर चलेगा। हमारे साथ अध्यापक भी हूँगा। नितिन शायद नहीं आओगे। हम सुबह सात बजे स्कूल से निकलेगा।

11. "यह बात फैलते - फैलते अखबार वालों तक
इस तरह पहुँची कि किसी ने नगर की
संकरी गंदी गली में रोता हुआ बच्चा छोड़ दिया है।"

अगले दिन के समाचार पत्र में यह समाचार कैसे आया होगा? लिखें। 4

12. मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ.वी.शांता को कैंसर इंस्टीट्यूट में बधाई समारोह का आयोजन किया है।

समारोह से संबंधित एक पोस्टर तैयार करें। 2

13. **निम्नांकित जीवन वृत्त पढ़ें और शकुंतला की जीवनी तैयार करें।**

नाम	-	शकुंतला (सकुबाई)
पिता	-	तुकाराम जामड़े
माँ	-	लक्ष्मी
भाई-बहन	-	नितिन, वासंती
मातृभाषा	-	मराठी
पेशा	-	नौकरानी
शैक्षिक स्थिति	-	अनपढ़
परिवार	-	एक बेटी

4